

**इफ्तार**
सोमवार शाम
सुन्नी : 6:22
शिया : 6:30

**सहरी**
मंगलवार सुबह
सुन्नी : 5:06
शिया : 4:57

## सिटी ब्रीफ

### ओपन स्टेट हैंडबॉल के ट्रायल 12 को

**बरेली, अमृत विचार :** हैंडबॉल की ओपन स्टेट महिला प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर में होगा। प्रतियोगिता में बरेली की टीम चयन के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल होंगे। जिला स्तरीय ट्रायल 12 और मंडल स्तरीय ट्रायल 13 मार्च को दोपहर 3 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

### फैक्ट्री से 2.50 लाख का तार चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा में फैक्ट्री से अज्ञात चोर करीब 2.50 लाख का तार चोरी करके ले गए। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी नरेश कुमार जुनेजा ने बताया कि उनकी सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा में एजेंसी है। 6 मार्च की रात अज्ञात चोरों द्वारा फैक्ट्री की मशीनों से तार चोरी कर लिए गए। इसकी जानकारी शनिवार सुबह फैक्ट्री जाने पर हुई। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए तार की कीमत करीब 2.50 लाख रुपये है। सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### कहासुनी के बाद युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** परिजनों से कहासुनी के बाद युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। किला थाना क्षेत्र के छावनी मोहल्ले की रहने वाली मालती ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी हेमा का शनिवार शाम किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शुरुआती उपचार के बाद डाक्टरों ने युवती की हालत खतरे से बाहर बताई है।

## शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित आर्य समाज के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सुबह 7 से 11 बजे तक।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक।

## विश्व विजेता बनने पर जश्न



टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया की जीत का जश्न शहर की सड़कों पर दिखा। इस दौरान लोग सड़कों पर तिरंगा लेकर खुशी से नाच रहे थे, कई जगहों पर क्रिकेट प्रेमी पटाखे छोड़ रहे थे। ● अमृत विचार





# नगर निगम की बुलडोजर कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

## नगर आयुक्त व एडीएम सिटी से आज मिलने की बनाई रणनीति, दर्ज कराएंगे विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोहाड़ापीर रोड पर कार्रवाई के विरोध में हुआ था हंगामा
- बड़ों पर रहम, छोटे दुकानदारों को निशाना बनाने का लगाया आरोप



**अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक नगर निगम की ओर से चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है। वर्षों पुरानी दुकानों के सामने बने हिस्सों को अतिक्रमण बताकर बुलडोजर चलाए जाने के विरोध में व्यापारी अब खुलकर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। संयुक्त उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारी सोमवार को नगर आयुक्त और एडीएम सिटी से मिलकर विरोध दर्ज कराएंगे। व्यापारियों का आरोप है कि कार्रवाई पूरी तरह पक्षपातपूर्ण तरीके से की जा रही है और जानबूझकर छोटे दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बड़े अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

व्यापारी अजय, शिव कपूर, मदन, सुमित का कहना है कि कोहाड़ापीर चौराहे पर बना बिजली विभाग का सब स्टेशन और पेट्रोल पंप खुद सड़क पर अतिक्रमण की स्थिति में हैं, जिनकी वजह से सबसे ज्यादा जाम लगता है। इसके बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उनका आरोप है कि नगर निगम सड़क चौड़ीकरण के नाम पर दशकों से कारोबार कर रहे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर असर डाल रहा है। यदि प्रशासन ने इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

दरअसल, सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। प्रवर्तन दल और निर्माण विभाग की टीम शनिवार को बुलडोजर लेकर पहुंची और भारत सेवा ट्रस्ट कार्यालय के सामने लल्ला मार्केट में टीन शेड व प्लेटफॉर्म हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। इससे नाराज व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और कार्रवाई पर सवाल उठाए। काफी देर तक हंगामे और तीखी नोकझोंक का माहौल बना रहा। व्यापारियों की मानें तो सुनवाई न होने पर वह नगर विकास मंत्री तक शिकायत लेकर जाएंगे। इधर, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि सीएम ग्रिड परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें केवल बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। अवैध अतिक्रमण पर पहले ही निशान लगाए जा चुके थे और दुकानदारों को मौखिक रूप से भी चेतावनी दी गई थी। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान सोमवार को भी जारी रहेगा।

## अपात्रों के 40 हजार राशन कार्ड निरस्त करने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** अपात्र होकर भी पात्र बनकर गरीबों का राशन डकारने वालों के विरुद्ध बड़े स्तर की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सर्वे कराकर 40 हजार ऐसे लोग चिह्नित किए गए हैं जो राशन लेने के दायरे में नहीं हैं और फर्जी तरह से पात्र बनकर गरीबों का राशन डकार रहे थे। विभाग अब अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों के बनाए जाएंगे।

आयकर, कृषि और परिवहन विभाग की तरफ से डाटा आने के बाद आपूर्ति विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में करीब 40 हजार ऐसे राशन कार्डधारक है जो अपात्र होने के बाद भी राशन ले रहे हैं। विभाग की तरफ से अब ऐसे कार्डधारकों के नाम काटने की तैयारी की जा रही है।

नए राशन कार्ड बनाने पर लंबे समय से रोक लगी है, लेकिन अब अपात्र लोगों के कार्ड निरस्त करके पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

डीएसओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग से डेटा आने के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बैंक खाते से लिंक आधार कार्ड के आधार पर इन लोगों का डेटा जुटाया गया है।

# भारत माता के जयकारों से गूंजी नाथ नगरी

टी-20 विश्व कप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम की जीत का जैसे ही अंतिम पल आया। नाथ नगरी खुशी के शोर से गूंज उठी। कहीं पटाखों की धमक और भारत माता के जयकारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। फाइनल मैच के लिए लोगों ने शाम से इंतजाम किया था। मॉल, बाजार और कॉलोनियों में बड़ी स्क्रीन पर मैच देख रहे लोग जीत के साथ ही झूम उठे। सड़कों पर युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे शहर में राष्ट्रीय त्योहार जैसा माहौल बन गया।

शहर के फीनिक्स मॉल, सिविल लाइंस और डीडीपुरम समेत कई स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच दिखाया गया था। यहां क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ देर शाम से ही जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे ही भारतीय टीम ने जीत हासिल की, लोग तालियां बजाकर खुशी मनाने लगे और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। किला, राजेंद्र नगर, प्रेमनगर और इज्जतनगर जैसे इलाकों की कॉलोनियों में परिवारों ने घरों में बैठकर मैच का रोमांच देखा। जीत के बाद बच्चों और युवाओं ने पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। कई जगह युवाओं ने तिरंगा लेकर सड़कों पर निकलकर जश्न मनाया। शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### चौकों-छक्कों पर बजती रहीं तालियां

मॉल और रेस्टोरेंट में लगी बड़ी स्क्रीन के सामने बैठे लोग भारतीय टीम बल्लेबाजों के हर चौके-छक्के पर तालियां बजाते नजर आए। बल्लेबाजों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी पर लोग खड़े होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते दिखे।

### कॉलोनियों में बच्चों ने फोड़े पटाखे

जीत के बाद कई कॉलोनियों में बच्चों व युवाओं ने पटाखे फोड़कर खुशी मनाई। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भी जश्न मनाया।

### तिरंगा लेकर निकले युवा

कुछ इलाकों में युवाओं ने तिरंगा लेकर बाइक रैली निकाली और भारत माता की जय के नारे लगाए। पूरे माहौल में देशभक्ति और उत्साह साफ दिखाई दिया।

# मैसेज के बाद पति ने किया ब्लॉक, कमरे में मृत मिली नर्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निजी अस्पताल में नौकरी करती थी शाहजहांपुर निवासी नर्स

**अमृत विचार :** लगातार मैसेज करने के बाद पति ने कोई जवाब नहीं दिया, साथ ही उसने पत्नी का नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद महिला नर्स का शव संदिग्ध हालात में अस्पताल के पीछे कमरे में पड़ा मिला। बारादरी पुलिस ने कमरे की जांच की।



प्रियंका देवी।

जिला शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के कुंवरपुर बंजरिया निवासी 30 वर्षीय प्रियंका देवी पत्नी सुनील कुमार निजी अस्पताल में नर्स का काम करती थी। अस्पताल के पीछे नर्स के लिए बने आवास में वह अपनी महिला सहकर्मी आस्था त्रिपाठी के साथ रहती थीं। बताया जा रहा है कि महिला की रात की ड्यूटी थी, जबकि उसकी सहपाठी आस्था त्रिपाठी रविवार सुबह 8:00 बजे ड्यूटी के लिए गई तो उस समय प्रियंका सो रही थी। उसके बाद दोपहर 12 आस्था दूध गर्म करने के लिए कमरे में गईं तो प्रियंका को जगाया, लेकिन वह बेहोश थी, आनन फानन में अन्य लोगों की मदद से उसे अस्पताल लाया गया, लेकिन महिला नर्स को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची बारादरी पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने मोबाइल की जांच की तो पता चला पति को रात भर व्हाट्सएप पर करती रही मैसेज

पुलिस ने महिला नर्स के मोबाइल की जांच की, जिसमें सामने आया कि मृतका के मोबाइल फोन से पति से रात भर चैटिंग हुई, लेकिन पति ने किसी भी चैट का जवाब नहीं दिया और लगभग 3 बजे के आसपास उसे ब्लॉक कर दिया, जिससे आशंका जताई जा रही है कि नाराज होकर महिला नर्स ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

> महिला नर्स का शव संदिग्ध हालत में कमरे में पड़ा मिला है, मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-धनंजय पांडे,** बारादरी थाना प्रभारी

**2024 में हुई थी शादी, पति भी अस्पताल में करता है काम:** पुलिस की जांच में सामने आया है कि प्रियंका की शादी 2024 में गांव के ही रहने वाले सुनील के साथ हुई थी। सुनील भी शहर के निजी अस्पताल में कर्मचारी है। पत्नी की मौत की खबर सुनकर वह मौके पर पहुंच गया। जांच में सामने आया है कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में मनमुटाव चल रहा था, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# पुलिस कर्मी बनकर युवती का अपहरण करने पहुंचे युवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फोन करके कहा कि पुलिस बोल रहे, घर के बाहर आ जाओ
- युवती के बाहर निकलने पर जबरन कार में खींचने का प्रयास

**अमृत विचार :** पुलिसकर्मी बनकर युवकों ने युवती का अपहरण करने के लिए जबरन कार में खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की। इसमें युवती के चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि वह क्षेत्र की मीट फैक्ट्री में काम करती है। युवती ने बताया कि मीट फैक्ट्री में ही काम करने वाला आमिर निवासी लबेड़ा काफी समय से उसे परेशान कर रहा है। युवती का आरोप है कि फैक्ट्री आते-जाते समय आरोपी आमिर उसका पीछा करके अभद्र टिप्पणी करता है। युवती ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजे उसके पास आमिर के साथी अयान का फोन आया। इस पर अयान ने कहा कि वह पुलिस से बोल रहा है। उसने पूछा तुम कहां हो, युवती ने कहा कि वह घर पर है। उन्होंने कहा कि बाहर निकलकर आइये, कुछ पूछताछ करनी है।

आरोप है कि वह पुलिसकर्मी समझकर घर से बाहर आ गई, लेकिन बाहर जाकर देखा तो पता लगा कि आमिर और उसका साथी अयान दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ कार लेकर खड़े हैं। उसे जबरन कार में बैठाने का प्रयास करने लगे। कार में बैठने का विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट की गई। जिससे उसके चेहरे पर काफी गुम चोटें आई हैं। युवती के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आमिर, अयान और दो अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# बरेली को दो वंदे और तीन अमृत भारत का मिलेगा तोहफा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे ने सर्वे शुरू किया, जल्द होगा ट्रेनों का संचालन

**अमृत विचार :** रेलवे की ओर से बरेली के लोगों के लिए बड़ी सौगात मिलने वाली है। रेलवे बरेली होते हुए दो वंदे और तीन अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन करेगा। इसको लेकर रेलवे ने सर्वे शुरू कर दिया है।

बरेली होते हुए अभी देहरादून-लखनऊ-सहारनपुर-गोमती नगर और मेरठ-वाराणसी वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा बरेली होते हुए बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार, हावड़ा-आनंद विहार और छपरा-अमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस भी गुजरती हैं।

### बरेली बांदीकुई पैसेंजर को मिलेगा विस्तार

कोरोना काल के दौरान गाड़ी नंबर 54356-55 का संचालन बंद कर दिया गया था, लेकिन लोगों की मांग पर 5 साल के बाद 30 जनवरी को इस गाड़ी का संचालन फिर से शुरू किया गया था। पैसेंजर गाड़ी बरेली-बांदीकुई के बीच 50 से अधिक स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन अब इस गाड़ी को खातीपुर जयपुर तक विस्तार देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

संरक्षण

नवपाषाण काल से आधुनिक काल तक के पुरावशेषों का किया गया है संग्रह

# रुहेलखंड का इतिहास समेटे है पांचाल संग्रहालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुहेलखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक भवनों-स्मारकों की तस्वीरें की गईं प्रदर्शित
- अलग-अलग दीर्घाओं में रुहेलखंड क्षेत्र की जीवन संस्कृति को समेटा गया

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास और संस्कृति विभाग स्थित पांचाल संग्रहालय में नवपाषाण काल से लेकर आधुनिक काल तक के विविध पुरावशेषों का संग्रह और रुहेलखंड क्षेत्र के प्राचीन एवं मध्यकालीन स्मारकों की तस्वीरें प्रदर्शित हैं। संग्रहालय में कई दीर्घाएं हैं, जिनमें अभयपुर उत्खनन गैलरी, टेराकोटा गैलरी, वस्त्र एवं हस्तशिल्प दीर्घा, रामा शंकर राव फोटो गैलरी, अहिच्छत्र डायोरामा और सुरेंद्र मोहन मिश्रा गैलरी प्रमुख हैं।







पांचाल संग्रहालय में संग्रहीत पुरावशेष। ● अमृत विचार

पांचाल संग्रहालय के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2013-14 में नई प्रदर्शन व्यवस्थाओं, प्रकाशनों और मुद्राशास्त्र प्रयोगशाला की स्थापना के लिए इसे उत्कृष्टता केंद्र पुरस्कार प्रदान किया। यह प्रयोगशाला सिक्कों, तांबे, लोहे की वस्तुओं के उपचार और पांडुलिपियों के संरक्षण में उपयोग की जाती है। उत्कृष्टता केंद्र पुरस्कार को 2014-15 में अतिरिक्त अनुदान के साथ दोहराया गया और 2015-17 के लिए आगे बढ़ाया गया। संग्रहालय उत्खनन, निजी संग्राहकों और दानकर्ताओं की दान की गई कलाकृतियों से समृद्ध हुआ है। संध्या और कर्नल राजीव रावत ने अपना विशाल निजी संग्रह दान किया, वहीं प्रख्यात मुद्राशास्त्री स्व. केडी बाजपेयी ने मुहरों और सिक्कों के चयनित नमूने प्रदान किए गए। संग्रह में मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा, तांबे के भाले और बरछी के सिरे, कुल्हाड़ी, मानव आकृतियां, प्राचीन तांबे के सिक्के, मुहरें, मनके, पक्की मिट्टी के बर्तन और जीवाश्म शामिल हैं। विशेष रूप से पीलीभीत जिले की बीसलपुर तहसील में स्थित अभयपुर स्थल से 2001-2006 में खुदाई विभाग की ओर से प्राप्त मानव दफन स्थल के भौतिक साक्ष्य, मनके और हड्डियां अभयपुर गैलरी में संरक्षित हैं। संग्रहालय के आधुनिकीकरण और डिजिटली करण का कार्य कुलपति प्रो. केपी सिंह ने संपन्न कराया, जिसमें डिस्प्ले स्क्रीन, टच स्क्रीन कंप्यूटर और हॉलोग्राफिक पंखे जैसी आधुनिक ऑडियो-वीडियो सुविधाएं शामिल हैं, जिससे आगंतुकों के लिए ऐतिहासिक यात्रा और अधिक सजीव अनुभव बन गई है।

> विभाग में पुरातत्व की एक छोटी इकाई है, जो समय-समय पर छोटे पैमाने पर खुदाई का कार्य करती है। अब तक, इस क्षेत्र के तीन प्राचीन स्थलों पर पुरातात्विक खुदाई की जा चुकी है। इसमें पीलीभीत जिले की बीसलपुर तहसील में अभयपुर (2001-2006), बरेली जिले में गोकुलपुर (2007-11) और गजनेरा (2019-20) शामिल हैं।
> **-डॉ. प्रिया सक्सेना,** विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास और संस्कृति विभाग

# अग्निवीर भर्ती : अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

## जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से शुरू होकर 23 मार्च तक भर्ती, दूसरे जिलों से भर्ती रैली में शामिल होने रोजाना पहुंचेंगे हजारों अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से 23 मार्च तक चलने वाली इस भर्ती रैली में रुहेलखंड क्षेत्र समेत आसपास के करीब दर्जनभर जिलों से प्रतिदिन हजारों युवाओं के पहुंचने की उम्मीद है। युवाओं की भारी संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने उनके ठहरने और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। प्रशासन का प्रयास है कि भर्ती में शामिल होने आने वाले अभ्यर्थियों को शहर में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर नगर निगम ने शहर में छह स्थायी और पांच अस्थायी शेल्टर होम तैयार किए हैं। इन शेल्टर होम में एक साथ सैकड़ों अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अलग-अलग अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भर्ती रैली के दौरान सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए। अस्थायी शेल्टर होम शहर के कई प्रमुख स्थानों पर बनाए गए हैं। इनमें बाकरगंज, सैदपुर हॉकिंस, बदायूं रोड, पटेल चौक और चौपुला चौराहा शामिल हैं, जहां बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए रुकने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा पुराना रोडवेज बस स्टैंड, हरूनगला, छोटी बिहार, सेटेलाइट बस स्टैंड, डेलापीर मंडी और प्रेमनगर क्षेत्र के स्थायी शेल्टर होम को भी भर्ती रैली के मद्देनजर तैयार किया गया है। इन स्थानों पर दूर-दराज से आने वाले युवाओं को सुरक्षित और व्यवस्थित ठहरने की सुविधा दी जाएगी। नगर निगम की टीमें साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में आने वाले युवाओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि भर्ती के लिए आने वाले युवाओं को बेहतर और सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराया जाए।

**ट्रेडवार कब, किस जिले की होगी भर्ती**

| | |
|---|---|
| 11 मार्च | अग्निवीर (टेक्निकल) (सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए)। |
| 12 मार्च | अग्निवीर (ट्रेड्समेन 8वीं, 10वीं) (सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए और अग्निवीर (क्लर्क/एसकेटी) |
| 13 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी। |
| 14 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) शाहजहांपुर, सीतापुर। |
| 15 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) संभल और पीलीभीत। |
| 16 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई। |
| 17 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद। |
| 18 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं। |
| 19 मार्च | अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली। |

- भर्ती में आए युवकों के ठहराव को छह स्थायी और पांच अस्थायी शेल्टर होम किए गए तैयार
- बाकरगंज, सैदपुर हॉकिंस, पटेल चौक समेत कई स्थानों पर अस्थायी ठहराव की व्यवस्था

### शेल्टर होम के लिए हेल्पलाइन नंबर 1553 जारी

**बरेली, अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली में आने वाले युवाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शेल्टर होम के लिए हेल्पलाइन नंबर 1553 जारी किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से अभ्यर्थी किसी भी परेशानी या आवश्यकता, जैसे ठहरने, रजाई-गद्दे, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा के लिए तुरंत संपर्क कर सकते हैं। महापौर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अपील की कि अभ्यर्थी इन शेल्टर होम का लाभ उठाएं और जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क करें। नगर आयुक्त का कहना है कि हेल्पलाइन नंबर पर मिली शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

**शेल्टर होम में रजाई-गद्दे, पेयजल और शौचालय की होगी सुविधा :** अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शेल्टर होम में व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां ठहरने वाले युवाओं के लिए रजाई-गद्दे, स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रोशनी, बैठने की व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम की टीमें लगातार इन व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सभी शेल्टर होम में साफ-सफाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे युवाओं को आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके।

### टेंपो वाले मनमाना किराया नहीं वसूल पाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की गई है। सिटी बस सर्विसेज के तहत संचालित 16 ई-बसें सीधे जाट रेजिमेंट सेंटर तक अभ्यर्थियों को ले जाएंगी।



ये बसें बरेली रेलवे जंक्शन से सेटेलाइट मार्ग से होकर रैली स्थल तक पहुंचेंगी। वापसी में अपने निर्धारित रूट पर लौट जाएंगी। भर्ती में शामिल होने आने वाले युवाओं को इसके लिए केवल 10 रुपये किराया देना होगा। प्रशासन ने यह कदम खासतौर पर इसलिए उठाया है, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों से टेंपो और ई-रिक्शा वाले मनमाना किराया नहीं वसूल पाएं। प्रबंध संचालक मनीषा दीक्षित ने बताया कि यह सेवा 11 मार्च से 23 मार्च तक चलेगी। सैटेलाइट मार्ग से गुजरने वाली ई-बसों के माध्यम से सभी अभ्यर्थियों को सीधे भर्ती स्थल तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस मार्ग की निगरानी के लिए विशेष टीम भी तैनात रहेगी। आरएम दीपक चौधरी का कहना है कि इस पहल से अभ्यर्थियों को सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन मिलेगा।

## सिटी ब्रीफ

### घर में घुसकर बच्चों के साथ की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** होली के दिन घर में घुसकर मारपीट करके आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर अशोक विहार निवासी सुनील ने बताया कि 4 मार्च को उसके बच्चे घर पर होली खेल रहे थे। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले सुमित उर्फ शाकाल व अन्य लोग उसके घर पर आकर मारपीट करने लगे। इसके बाद आरोपी बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बारादरी पुलिस ने सुमित उर्फ शाकाल समेत अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### सिर पर बोतल मारकर किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने युवक के सिर पर बोतल मारकर घायल कर दिया। बारादरी थाना क्षेत्र के सिकलापुर निवासी आकाश ने बताया कि उसके घर के पास हर्षित कश्यप और गिरीश कश्यप रहते है। शनिवार को इन लोगों ने गालियां देकर मारपीट की। इसके बाद सिर पर बोतल से हमला कर दिया। बारादरी पुलिस ने हर्षित कश्यप और गिरीश कश्यप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए रेहान ए मिल्लत ने आवाज की थी बुलंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दरगाह आला हजरत पर रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में शामिल हुए रोजेदार। ● अमृत विचार

- दरगाह आला हजरत पर मनाया गया रेहान ए मिल्लत का कुल
- सामूहिक रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में अकीदतमंद हुए शामिल

**अमृत विचार :** आला हजरत फाजिले बरेलवी के पोते मुफ्ती रेहान रजा खान (रहमानी मियां) का 41 वां एक रोजा उर्स-ए-रहमानी दरगाह परिसर में रविवार को मनाया गया। शाम को सामूहिक रोजा इफ्तार में हजारों अकीदतमंदों ने दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन के साथ एक ही दस्तरखान पर इफ्तार किया। उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न हुए।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सुबह 8 बजे महफिल का आगाज तिलावत-ए कुरान से हुआ। सुब्हानी मियां की सदारत में उलमा की तकरीर का सिलसिला शुरू हुआ। कारी अब्दुर्रहमान कादरी ने कहा कि दुनिया भर में रजा का परचम लहराने वाली शख्सियत का नाम रेहान ए मिल्लत है। उलमा ने कहा कि उन्होंने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए अपनी आवाज हमेशा बुलंद की। सुबह 9.58 मिनट पर मुफ्ती अय्यूब नूरी व कारी अब्दुर्रहमान कादरी ने फातिहा पढ़ी। मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, मुफ्ती मोइनउद्दीन बरकाती, मुफ्ती जमील नूरी, मौलाना अबरार उल हक, मास्टर कमाल, अनवारूल सादात, राशिद अली खान, कासिम कश्मीरी आदि मौजूद रहे।

### रोजा इफ्तार में मांगी देश में खुशहाली की दुआ

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड परसौना स्थित दरगाह सय्यद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा पर दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती की सरपरस्ती में शनिवार शाम सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। दरगाह सचिव मोहम्मद रिजवान साबरी ने कहा कि दरगाह शरीफ पर हर साल सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने देश में खुशहाली के लिए दुआ की। मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम, पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, उप्र एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, उप्र राज्य हज समिति के सदस्य नदीम उल हसन, जफर बेग, एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी, भाजपा नेता हीरालाल, बसपा नेता आर्येन्द्र मिश्रा, आजाद समाज पार्टी के ऋषिपाल सिंह आदि इफ्तार में शामिल हुए।



# कांग्रेस ने रोजा इफ्तार से दिया भाईचारा व एकता का संदेश



रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में रविवार को रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसके जरिये आपसी भाईचारे व एकता का संदेश दिया गया। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ,प्रो. चारु मेहरोत्रा, एड., पूनम दीप सिंह, नजमी जोया खान, डॉ. सरताज हुसैन,प्रवीण मिश्रा, मुन्ना कुरैशी, देवेंद्र श्रीवास्तव, एमके घोष, रेहान बसीरी, जितेंद्र बाबू, मोहम्मद शाहिद खान, मुजम्मिल हुसैन, उल्फत कटारिया आदि मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी
रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# भाजपा पार्षद पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षिका पत्नी ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करने और प्रताड़ित करने का लगाया आरोप
- पार्षद की जून 2023 में हुई थी शादी, इज्जत नगर पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** नगर निगम के पूर्व उपसभापति एवं भाजपा पार्षद महेश राजपूत के विरुद्ध पत्नी ने प्रताड़ित करने और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने तहरीर देकर कहा है, पति उसके साथ मारपीट कर मायके से दहेज लाने की मांग करते हैं। इज्जतनगर पुलिस ने भाजपा पार्षद महेश राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शाही थाना क्षेत्र के दुनकी धनेली निवासी पार्वती देवी ने बताया कि उसकी शादी इज्जत नगर थाना क्षेत्र के नगरिया परीक्षित निवासी महेश राजपूत के साथ हुई थी। पार्वती ने बताया कि वह बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है, जबकि उसके पति महेश राजपूत नगर निगम के वार्ड नंबर 51 से भाजपा के पार्षद हैं। महिला ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके पति का व्यवहार ठीक नहीं रहा। छोटी और घरेलू बातों पर पति उसे प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि उसके पति मायके से मिले दहेज से खुश नहीं थे।

शिक्षिका ने बताया कि इसके अलावा वह और दहेज लाने की मांग करते हैं। मना करने पर पति उसके साथ मारपीट करते हैं। महिला ने बताया कि 5 मार्च को उसकी तबीयत खराब थी। तभी उसके पति महेश उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उसके शरीर में गुम चोटें आईं। महिला ने कहा कि पूर्व में की गई मारपीट में हुए समझौते की छाया प्रति उसके पास है। फिलहाल, महिला की तहरीर पर इज्जत नगर पुलिस ने भाजपा पार्षद महेश राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गाय के झुंड के हमले में महिला गंभीर घायल

**बरेली, अमृत विचार :** गाय के झुंड ने टहलने निकली महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह से महिला को गाय के झुंड से बचाया। इसके बाद महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी 55 वर्षीय भजन देवी शनिवार की देर शाम घर के बाहर टहल रही थीं। तभी एक डेयरी संचालक की गाय के झुंड ने महिला पर हमला कर दिया। हमले में भजन देवी के दाएं हाथ और दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह से गायों को भगाकर महिला को बचाया। घटना के बाद परिवार के लोग उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। भजन देवी ने डेयरी संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि कई डेयरी संचालक गायों को सड़क पर आवारा छोड़ देते हैं। तहरीर के आधार पर बारादरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डिप्टी सीएमओ ने आरोग्य मेलों का किया निरीक्षण



तुलसी नगर में निरीक्षण को पहुंचे डिप्टी सीएमओ लईक अहमद।

**बरेली, अमृत विचार:** आमजन को नजदीक में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित आरोग्य मेलों का डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार और डॉ. लईक अहमद अंसारी ने निरीक्षण किया।

डॉ. अमित कुमार ने स्वाले नगर और बाकरगंज स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा लेकर दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की गुणवत्ता परखी। इस दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को ईडीएल के अनुसार दवाएं उपलब्ध रखने और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं, डॉ. लईक अहमद अंसारी ने हरुनगला और शेर अली गौटिया स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

### मेले में सबसे ज्यादा पहुंचे त्वचा रोगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में त्वचा रोगियों की संख्या अधिक रही। कुल 2919 मरीजों ने स्वास्थ्य केंद्रों पर पंजीकरण कराया। सबसे अधिक 590 मरीज त्वचा रोग के पहुंचे। इनमें कई लोगों को होली के रंग से स्किन पर दाग और इनफेक्शन की समस्या थी। 430 रोगी बुखार के थे। इसके अलावा बीपी, डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों के भी मरीज केंद्रों पर आए।

# दीनी शिक्षा के लिए एक कॉल पर कुरआन शरीफ पहुंचेगा घर

**बरेली, अमृत विचार:** अंजुमन खुद्दाम ए रसूल सचिव शान रजा ने बताया कि 20 रमजान से 28 तक दीनी शिक्षा को बढ़ावा देने और घर-घर नेकियों और बरकत के लिए निशुल्क कुरआन शरीफ बस एक कॉल करने पर घर पहुंचाया जायेगा। शान रजा ने इस मुहिम को रमजान के मौके पर शुरू किया है। अगर किसी बच्चे को कायदे (नोरानी कायदा) या पारे की जरूरत हो तो वहीं उपलब्ध कराया जाएगा। जिसको लेकर हेल्पलाइन नंबर 9997662506 जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल बरेली शहर के लिए है। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने कहा कि रमजान इबादत के साथ साथ जरूरतमंदों की सेवा और नेकियों को कमाने का महीना है, किसी भी उदास दिल को खुशहाल कर दिया तो समझ लेना आपका जीवन साकार हुआ।



शान रजा।

# सरकारी धन बर्बाद, सड़क निर्माण फिर ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बदहाल बिथरी चैनपुर-मेहतरपुर करोर मार्ग। ● अमृत विचार

- चार किमी लंबे बिथरी चैनपुर से मेहतरपुर करोर सड़क का मामला
- दिशा की बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार के समक्ष उठा था मुद्दा
- एनएचएआई और बीडीए की परियोजनाओं में लगे डंपर बने वजह

**अमृत विचार:** बिथरी चैनपुर से मेहतरपुर करोर तक बने चार किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी बार-बार रोकने को मजबूर है। एक्सईएन का कहना है कि इस मार्ग पर बीडीए और एनएचएआई की परियोजनाओं में लगे डंपरों और ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से निर्माण कार्य बार-बार बंद करना पड़ रहा है। पिछले दिनों दिशा की बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार के समक्ष भी इसका मुद्दा उठा था, लेकिन हालात जस के तस बने हैं। सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

शासन ने पिछले साल दिसंबर में इस सड़क के लिए 1.40 करोड़ रुपये मंजूर किए थे, जिसमें से 50 लाख रुपये की पहली किस्त पीडब्ल्यूडी को जारी भी की गई। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि उन्होंने एनएचएआई के परियोजना निदेशक से लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर से कई बार वैकल्पिक मार्ग इस्तेमाल करने का अनुरोध किया और पत्राचार भी किया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं हुआ। बीडीए की भी परियोजनाओं में इस रोड से आगे एक खेत से मिट्टी खनन की अनुमति प्रशासन से ली गई है। सड़क पर डंपरों की आवाजाही निरंतर बनने से सरकारी धन और समय दोनों की बर्बादी हो रही है। एक्सईएन का साफ कहना है कि जब तक आवाजाही नियंत्रित नहीं होगी, सड़क निर्माण शुरू नहीं किया जा सकता।

वहीं, स्थानीय लोग और ग्रामीण लगातार इस समस्या से परेशान हैं। उनका कहना है कि विकास की बातें सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। सड़क निर्माण में सरकारी धन की बर्बादी हो रही है। दिशा की पिछली बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया था, लेकिन जमीन पर कोई असर नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रशासन ने जल्दी कदम नहीं उठाए, तो विरोध और तेज होने की संभावना है।

# तेज रफ्तार कार ने मचाया कहर कई लोगों को मारी टक्कर

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम नगर क्षेत्र में रविवार की रात तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। कार ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद महादेव पुल पर एक ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेम नगर थाना क्षेत्र के धर्म कांटा चौराहे पर रविवार की रात 10:30 बजे एक युवक नशे में धुत होकर लापरवाही से कार चला रहा था। उसने पैदल चल रहे कई लोगों और बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद बहुत तेज रफ्तार में कार को दौड़ाने लगा। इसी बीच महादेव पुल पर चढ़ते समय कार सवार आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसा। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया, जबकि कार का शीशा तोड़कर लोगों ने कार सवार को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कर चालक को हिरासत में लेकर थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।



क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### शार्क टैंक इंडिया में दो दोस्तों ने पेश की फिनटेक कंपनी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के दो युवा उद्यमी अभिनव अवाल और हरप्रीत सिंह ने टीवी शो शार्क टैंक इंडिया सीजन-5 में अपनी फिनटेक कंपनी एफ2 फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड को प्रस्तुत कर शहर का नाम रोशन किया है। एयरफोर्स क्षेत्र के हरप्रीत सिंह ने जीआरएम स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। स्टेडियम रोड निवासी अभिनव अवाल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। दोनों ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई शुरू की। एमबीए करने के बाद अपने करियर को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाया। वर्ष 2019 में दोनों ने मिलकर एफ2 फिनटेक की स्थापना की। शुरुआत में केवल दो लोगों से शुरू हुई यह कंपनी आज 120 से अधिक कर्मचारियों की टीम बन चुकी है, देशभर के डॉक्टरों व प्रोफेशनल्स को वित्तीय सेवाएं दे रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार चाची-भतीजा गंभीर घायल

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी : अमृत विचार :** हाईवे पर बल्लिया ओवरब्रिज पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक फरमान और उसकी चाची फिजा गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल भेज दिया। जहां फरमान की हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को थाना बिथरी के गांव मेवा निवासी फरमान अपनी चाची फिजा को मीरगंज थाना के गांव शीशम खेड़ा से बुलाकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। दोपहर बाद हाईवे के बल्लिया ओवरब्रिज पर पहुंचने पर पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए।

# होली महोत्सव में दिखी पारंपरिक लोकसंस्कृति की झलक

## गुर्जर युवा संगठन की ओर से हुआ भव्य आयोजन, ढोलक की थाप पर होली के गीतों का सामूहिक गायन किया, उत्साहित नजर आए लोग

- गांवों से आईं टोलियों ने कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गुर्जर युवा संगठन की ओर से रविवार को सौ फुटा स्थित एक लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मंडल के कई गांवों की टीमों ने भाग लिया। इस दौरान पारंपरिक होली गीतों का सामूहिक गायन हुआ। जिसे ढोलक की थाप के साथ प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने गुर्जर समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और लोकसंस्कृति को जीवंत कर दिया।

टीमों ने होली पर्व पर गाए जाने वाले गीतों को पारंपरिक अंदाज में गाया। ढोलक की थाप और लोकधुनों पर गूंजते गीतों ने पूरे माहौल को उत्साह में बदल दिया। लोग थिरकने को मजबूर हो गए। अलग-अलग गांवों से आई टीमों ने अपनी-अपनी शैली में होली गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि होली का पर्व हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं की पहचान है। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि पारंपरिक होली गीत और लोकसंस्कृति समाज की अमूल्य धरोहर हैं। महापौर उमेश गौतम ने कहा कि पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक आयोजनों से हमारी पुरानी परंपराएं जीवित रहती हैं। युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और पारंपरिक लोकगीतों को संरक्षित करना है। संचालन जगपाल सिंह भाटी ने किया। मंडल अध्यक्ष ओमवीर सिंह गुर्जर, कार्यक्रम संयोजक राधे गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह गुर्जर, निर्भय सिंह गुर्जर, जगपाल सिंह भाटी, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, डॉ. रवि नागर, राकेश कश्यप, पूरन लाल लोधी, सुदेश गुर्जर, बागेश गुर्जर, नरेंद्र सिंह गुर्जर, नीरज सांगा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सतीराम गुर्जर, हरीश गुर्जर, सुखवीर सिंह गुर्जर, निर्देश श्रीवास्तव, अमरसिंह, धारा सिंह, महेंद्र सिंह गुर्जर, भूप सिंह आदि मौजूद रहे।


होली मिलन कार्यक्रम में होली के गीत गाते गुर्जर समाज के लोग। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद मेयर डॉ. उमेश गौतम और गुर्जर युवा संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मेधावी विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया

**बरेली, अमृत विचार :** शास्त्री नगर स्थित पाल छात्रावास में रविवार को होली मिलन एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मुरादाबाद के हिंदू डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर एपी सिंह पाल ने किया। शैब्या पाल और रिद्धि पाल ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर और वरिष्ठ नागरिक हीरालाल पाल और तेजपाल सिंह को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एपी सिंह ने कहा कि शिक्षा और तकनीकी नवाचार का समन्वय ही सशक्त भविष्य की नींव रखेगा। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र विक्रम सिंह पाल ने कहा कि होली मिलन वैचारिक एकात्मता का प्रतीक है। संचालन मोहित पाल ने किया। छात्रावास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक पाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना और युवाओं को समाज से जोड़ना है। पुष्प वर्षा के साथ होली का उत्सव मनाया गया। सम्मानित छात्रों में वैशाली, सोनाली, तेज़ी विक्रम, सस्मित, आयुष, प्रणव, हितेश, निकेतन, शिवकुमार, सुभी, चीनू देवी, मेनका, प्रियम, नितेश और सुमित पाल शामिल रहे। संयोजक शिवनाथ पाल ने आभार जताया। महेंद्र पाल, डॉ. मनोहर लाल, डॉ. सुषमा पाल, राजकुमार पाल, सुनीता पाल, राकेश पाल, दुर्गा प्रसाद, रामपाल, गंगाराम, रविन्द्र पाल, जानकी लाल, सत्यदेव सिंह, बबित, डॉ. नीलिमा आदि मौजूद रहे।



### पर्वतीय समाज ने होली मिलन समारोह मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय समाज ने रविवार को होली मिलन समारोह कूर्मांचल नगर में भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. दीप चंद्र पंत, डॉ. हेमा पंत ने किया। विशिष्ट अतिथि कर्नल कैलाश नेगी, डॉ. कोमल कक्कड़ रहे। 8 महिलाओं को सम्मानित किया। पूरन सिंह दानू के लोक गीत, सोमा परिहार व दिव्या की टीम के बच्चों के कार्यक्रम ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष की खड़ी व बैठकी होली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कैप्टन मोहन सिंह बिष्ट, सूबेदार जीत सिंह बोहरा, अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दियोंलिया, उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट, महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह बिष्ट, चन्द्र प्रकाश जोशी, जगदीश सिंह बिष्ट, विनोद तिवारी, बालम सिंह मेहरा, उमेश बिनवाल, आनंद सिंह मेहता, दीपक धौनी, मदन सिंह बिष्ट, तारा जोशी आदि उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा संग श्रीराम कथा शुरू, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

- मॉडल टाउन के श्री हरि मंदिर में आशुतोष दास ने सत्संग की महिमा बताई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्री गणेश उत्सव समिति और श्री गणेश सेवा ट्रस्ट की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में रविवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बना रहा।

मंदिर से बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। महिला श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भजन गाते हुए चलीं। पुरुष भक्त हरे राम-हरे राम, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हुए नाचते-गाते आगे बढ़े। कथा व्यास आशुतोष दास महाराज बग्गी में सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयकारे लगाए। कथा के प्रथम दिन आशुतोष दास महाराज ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जैसे शरीर के लिए भोजन और जल आवश्यक है, वैसे ही मन और आत्मा के लिए सत्संग जरूरी है। इसके बिना जीवन में शांति संभव नहीं है। उन्होंने भजो रे मन प्रेम से राम रघुरैया भजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने रामचरितमानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भरत चरित्र की महत्ता बताई और कहा कि भरत का चरित्र सभी उत्पातों का शमन करने वाला है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रीराम कथा 16 मार्च तक प्रतिदिन सायं साढ़े चार बजे से आयोजित होगी। कमेटी के कोषाध्यक्ष रवि बूबना, अभिषेक गौड़, सुनील खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद शर्मा, विकास शर्मा, सुशील खंडेलवाल, सुनील शर्मा, अनुराग शर्मा, अरविंद गोयल, नवीन गोयल, कलश यात्रा प्रभारी प्रथमेश गुप्ता, राम जालान, हरी बाबू खंडेलवाल, आलोक शर्मा, हरि मंदिर कमेटी के सदस्य एवं माला, राखी, जूही, रश्मि, रीता सम्मिलित हुए।


राम कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कथा में रामनाम के जाप का महत्व बताया

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री रामचरितमानस कथा का रविवार को शुभारंभ हुआ। कथा में श्री धाम वृंदावन के कथा व्यास पंडित देवेंद्र उपाध्याय का स्वागत और अभिनंदन समिति के प्रताप चंद्र सेठ व मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने किया। देवेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मनुष्य को चौरासी लाख योनियों में मिलने वाले कर्मों के फलस्वरूप मानव जीवन प्राप्त होता है, जिसमें धर्मयुक्त कर्म कर प्रभु भक्ति प्राप्त की जा सकती है। कथा व्यास ने रामचरितमानस के सात काण्डों और भारत के सात पुरियों के बीच संबंध स्पष्ट किया और कहा कि काशी विश्वनाथ इन सात पुरियों के मध्य विराजमान है। उन्होंने रामनाम के जाप से विपरीत परिस्थितियों में भी समाधान प्राप्त होने की व्याख्या की। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



## सिटी डायरी

### नंदिनी मोटर्स में महिला दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार :** मारुति सुजुकी एरिना की नंदिनी मोटर्स की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शोरूम में महिला कार मालिकों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कई महिला ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं के लिए कार से जुड़ी जानकारी पर कार्यशाला हुई। प्रतिभागियों को स्टेपनी बदलने और पंक्चर की स्थिति में वाहन को संभालने से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाओं से जागरूक किया गया। महिला ग्राहकों के साथ मिलकर केक काटकर महिला दिवस का उत्सव मनाया। नंदिनी मोटर्स की टीम ने महिला ग्राहकों का आभार जताया।

### एमएनसी एसोसिएट्स कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार :** शहर के डीडीपुरम में रविवार को एमएनसी एसोसिएट्स (आर्किटेक्चर एंड कंस्ट्रक्शन) के नए कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने किया। महापौर ने कहा कि बरेली तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में आधुनिक वास्तुकला और योजनाबद्ध निर्माण कार्य की आवश्यकता बढ़ रही है। एमएनसी एसोसिएट्स जैसी पेशेवर संस्थाएं शहर को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। संस्था की ओर से बताया गया कि एमएनसी एसोसिएट्स का उद्देश्य आधुनिक आर्किटेक्चरल डिजाइन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, प्रोजेक्ट प्लानिंग और इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी की पेशेवर सेवाएं उपलब्ध कराना है। इंजीनियर निशांत सक्सेना, इंजीनियर मनीष कुमार, इंजीनियर प्रियांशु पांडेय सहित कई इंजीनियर, व्यवसायी मौजूद रहे।

### निशुल्क शिविर लगाकर महिलाओं की जांच की



**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीइंग अलाइव फाउंडेशन और नगर निगम के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य की जांच कराकर विशेषज्ञों से परामर्श लिया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। डॉ. सबीन अहसन ने महिलाओं के लिए मेंटल हेल्थ सेशन आयोजित कर काउंसलिंग की। डॉक्टरों की टीम में डॉ. शशांक, डॉ. रेहान और डॉ. रश्मि शामिल रहे। बारादरी थाने से उपनिरीक्षक नीलू चौधरी, मोनी चौधरी, प्रिया शर्मा, रीता, सुनीता, कुशरानी, निशा, रजनी, रीना वर्मा, श्रुति गुप्ता, दीक्षा शर्मा, आकांक्षा जौहरी, प्रज्ञा जौहरी, नगमी अंसारी, दिव्या सेठी और शकुंतला ज्याला सहित आदि मौजूद रहीं।

### कॉमर्शियल टोयोटा ने महिलाओं को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कॉमर्शियल टोयोटा शोरूम में महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पारुल धवन मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ किया। महिलाओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए और सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। एमडी अरुण गुप्ता ने बताया कि टोयोटा की गाड़ियां उन्नत सेफ्टी फीचर्स के साथ सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करती हैं। पारुल ने हाइराइडर ऑटोमैटिक गाड़ी की टेस्ट ड्राइव ली। कंपनी के सीईओ शिवम गुप्ता, शुभम गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट अमित मनोहर, जीएम सेल्स अंशुल जैन, निशि खान, प्राची मिश्रा, वर्षा, अनम, शीतल, अल्फीजा, उज्मा, संगीता मौजूद रहीं।

# रामलीला में खर-दूषण वध का किया मंचन


रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में चल रही 166 वीं रामलीला में रविवार को गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास के प्रारंभिक वर्षों में चित्रकूट में समय व्यतीत किया, जहां उन्हें ऋषि अत्रि और पत्नी अनसूइया का आश्रम मिला। इसके बाद राम ने दंडकारण्य के वनों में आततायी राक्षसों का नाश किया और ऋषि-मुनियों से विभिन्न विद्याएं और अस्त्र-शस्त्र प्राप्त किए।

इसके बाद राम महर्षि अगस्त्य के आश्रम पहुंचे, जिन्होंने उन्हें भविष्य के रावण युद्ध में उपयोग के लिए दिव्य अस्त्र भेंट किए। मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि लक्ष्मण ने सूर्पनखा की नाक काटी, जबकि राम ने खर-दूषण का वध किया। सह-अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि अगस्त्य मुनि आश्रम में संवाद लीला का पूजन और यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। राजू मिश्रा, विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, महेश पंडित, बॉबी रस्तोगी, अखिलेश अग्रवाल, विनोद रस्तोगी, कौशिक टंडन, सुनील रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**बरेली, अमृत विचार:** पर्वतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति रजिस्टर्ड ने रविवार को बदायूं रोड स्थित विकास नगर कॉलोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष जोहर सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। महासचिव पूरन जोशी, केएस राणा, मनोज जोशी, महेश पंत, मोहन नेगी, विक्रम बिष्ट, योगेश सिंह, रमेश पांडे, गिरीश पांडे, मोहिनी देवी, भावना जोशी, राजीव गुप्ता, एके पंत, कमलेश बिष्ट, पंकज सिंह, दुर्गा देवी, डॉ मनोज कांडपाल आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# उत्साह : होली खेल रहे नंदलाल पर झूम उठे लोग


कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्री वैश्य कुमार तनय सभा एवं कुमार तनय महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह, भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सजातीय बंधु और महिलाएं शामिल हुईं, जिसने उत्सव को यादगार बना दिया।

भजन संध्या में भजनों आज ब्रज में होली है रसिया और होली खेल रहे नंदलाल ने जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फूलों की होली भी खेली गई। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने में मदद करते हैं। सभा ने अतिथियों को सम्मानित किया। महामंत्री ने आभार जताया। श्रुति गंगवार, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, सभा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, मुख्य भवन प्रबंधक राजेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, तुषार गुप्ता, मोहित गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अतुल गुप्ता, अक्षय गुप्ता, युवा अध्यक्ष गौरव मोहन गुप्ता, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशिमा गुप्ता, स्थानीय अध्यक्ष रीना गुप्ता, अंशु गुप्ता और रति गुप्ता शामिल रहे।

# वैदिक परंपरा में नारी को वेद पाठ व यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार

- आर्य समाज मॉडल टाउन का 52वां वार्षिकोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आर्य समाज मॉडल टाउन के 52वें वार्षिकोत्सव में रविवार को वैदिक यज्ञ, भजन और प्रवचनों के माध्यम से समाज को वैदिक सिद्धांतों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ से हुआ। यज्ञ अवनिंद्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में और तितीक्षा आर्या की वेद ध्वनि के साथ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. के. एम. अरोड़ा रहे, जबकि अध्यक्षता सरोज राठौर ने की। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार विशिष्ट अतिथि रहीं। यजमानों के रूप में राकेश सिंह परमार, लव बग्गा, कमल किशोर आर्य और धर्मवीर सिंह शामिल रहे।

सभा में भजनोपदेशक सत्य प्रकाश ने ईश्वर भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किया, वहीं विजयपाल आर्य ने 'वैदिक मार्ग पर चले बिना कुरीतियों से मुक्ति संभव नहीं' विषय पर प्रेरक भजन सुनाकर उपस्थित लोगों को संदेश दिया। महिला दिवस के अवसर पर नारी के महत्व और अधिकारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वैदिक परंपरा में नारी को वेद पाठ, गायत्री मंत्र के उच्चारण और यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार प्राप्त है। सभी मनुष्य समान अधिकारों के अधिकारी हैं। समाजसेवी हर्षवर्धन आर्य ने नारी की भूमिका को परिवार और समाज की आधारशिला बताया। पार्षद प्रतिनिधि बंटी गुप्ता, डॉ. श्वेतकेतु शर्मा, डॉ. धरणा आर्या, पंडित भानु प्रकाश शास्त्री ने भी विचार रखे। संचालन आर्य समाज के मंत्री जंग बहादुर ने किया। सुरेश चंद्र आर्य, महेश मल्होत्रा, रमेश बग्गा, आदित्य प्रकाश, सुनील कुमार, कृष्ण लाल बजाज, पूरनलाल वर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


वैदिक यज्ञ में आहुति देते यजमान व उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

## आत्मनिर्भरता और शिक्षा पर हुई चर्चा

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुए महिला विचारकों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बरेली कॉलेज की राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. वंदना शर्मा और प्रो. नीलम गुप्ता भी शामिल हुईं। उन्होंने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा तथा सामाजिक नेतृत्व में उनकी भूमिका पर विचार रखे। प्रो. नीलम गुप्ता ने चर्चा सत्र में विद्या, शक्ति, मुक्ति चेतना, प्रकृति, संस्कृति और सिद्धि कृति जैसे विषयों पर पैनल डिस्कशन आयोजित किए। जिनमें महिला सशक्तिकरण से जुड़े विविध पहलुओं पर गंभीर विमर्श किया गया।

## दो महिला उद्यमियों को लखनऊ में राज्यपाल ने किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की डॉ. ज्योति पांडेय के नेतृत्व में बरेली की दो अग्रणी महिला उद्यमी निशु शर्मा और हेमंती को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य भवन लखनऊ में आयोजित समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी महिला कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए सोलर पावर, सोया उत्पाद, डेयरी, नर्सरी और तकनीकी क्षेत्रों में अधिक योगदान देने, चुनौतियों को स्वीकारने और क्षमता विकसित कर विकसित भारत 2047 अभियान में अग्रणी कार्य करने का प्रोत्साहन दिया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बरेली की महिला उद्यमियों का राज्यपाल द्वारा सम्मानित होना गर्व की बात है।

## आईवीआरआई में महिला किसान संगोष्ठी

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों और कृषक समुदाय के लिए विभिन्न शैक्षणिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन पर महिला किसान संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें 30 महिला किसानों ने भाग लिया। अध्यक्षता संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने की। प्रसार शिक्षा प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. एचआर मीणा, डॉ. सरदूल लाल, डॉ. नेहा जोशी, डॉ. किरण शिंदे और डॉ. मदन सिंह ने पशुधन प्रबंधन, पोषण सुरक्षा, वैज्ञानिक पशु आहार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# पिंकाथॉन के जरिये दिया महिला स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली ने महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को पिंकाथॉन का आयोजन किया। डॉक्टरों ने पिंकाथॉन के माध्यम से 'अपने लिए दौड़ें, अपने मकसद के लिए दौड़ें, जल्दी पता चलने से जानें बचती हैं' के प्रति जागरूक किया। इस वर्ष महिला दिवस की थीम "गिव टू गेन" के अंतर्गत समाज को यह संदेश दिया कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए किया योगदान स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करता है।

सुबह सात बजे ''पिंकाथॉन की शुरुआत आईएमए भवन सिविल लाइंस से हुई, जो चौकी चौराहा, पटेल चौक, श्यामगंज और कंपनी गार्डन होते हुए वापस आईएमए भवन पर आकर समाप्त हुई। इस पिंकाथॉन में शहर के विभिन्न मेडिकल और नर्सिंग संस्थानों के छात्र-छात्राओं, डॉक्टरों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों सहित लगभग 500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



आईएमए की ओर से आयोजित पिंकाथॉन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन श्रुति गंगवार, नगर पालिका पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, डॉ. बिंदिया सक्सेना, डॉ. दीपशिखा जोशी आदि अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस आयोजन में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आरके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, चंद्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दीपमाला कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गंगाशील कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पायनियर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, महेंद्र गायत्री कॉलेज, वरदान कॉलेज, एसआर इंस्टीट्यूट तथा शौर्य सोशल वेलफेयर के विद्यार्थियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, चेयरमैन कम्युनिटी सर्विस डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी महेश्वरी ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति, संवेदना और प्रेरणा का स्रोत हैं, उनके स्वास्थ्य और सम्मान की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में लगभग 150 चिकित्सकों ने भी भाग लिया। वरिष्ठ प्रतिभागियों में 76 वर्षीय श्रीमती रीता पांडेय ने भी पूरे उत्साह के साथ दौड़ पूरी कर सभी को प्रेरित किया। प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का संदेश दिया गया।

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया



कार्यक्रम में मौजूद विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी व अन्य।

**बरेली :** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आईएमए पिंकाथॉन का आयोजन हुआ। महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य पहल में आईएमए मेडिकल स्टूडेंट्स' नेटवर्क- आरएमसीएच बरेली यूनिट के साथ-साथ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यूनिट बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत कार्य करती है। इस अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, आरएमसीएच बरेली की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शोभा मुखर्जी, डॉ. इरम शैफाली और डॉ. रश्मि कत्याल, आईएमए एमएसएन आरएमसीएच बरेली यूनिट की सलाहकार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने मेडिकल छात्रों को सामाजिक स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। आईएमए एमएसएन आरएमसीएच बरेली यूनिट के बैनर तले रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया। एमएसएन के प्रतिभागियों में स्वर्णवो सेन, शिवम त्रिवेदी, पायल पांडेय, हेमंत गंगवार, यशिका गुप्ता, अविशी दुबे, कनक, प्रमोद तिवारी सहित अनेक छात्रों ने भाग लिया। यह पिंकाथॉन महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर के समय पर परीक्षण और रोकथाम के महत्व को उजागर करने का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। महिला चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। आयोजन ने युवा मेडिकल छात्रों की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी प्रदर्शित किया।

# नृत्य नाटिका में नारी के विभिन्न स्वरूपों को दर्शाया


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और ब्रह्माकुमारीज के साथ अन्य लोग। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'वंदे मातरम्- स्वर्णिम भारत' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं की शक्ति, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को सम्मानित किया गया।

रविवार सुबह ब्रह्माकुमारीज के चौपुला सेवा केंद्र में हुए कार्यक्रम के दौरान ''नारी तेरे रूप अनेक'' शीर्षक से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इसके माध्यम से समाज में नारी के विभिन्न स्वरूपों और उनके योगदान को दर्शाया गया। संचालिका राजयोगिनी पार्वती दीदी ने महिला सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर विचार रखे। बीके नीता, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, लेफ्टिनेंट कर्नल प्राजंलिका, इंदु सेठी, बीके पारुल, बीके रजनी और अनुराग, डॉ. शिफालिका आदि मौजूद रहीं।

## स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई-प्रथम के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को स्वयंसेवकों ने कालीबाड़ी बस्ती में स्वच्छता, संतुलित आहार और संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

स्वयंसेवकों ने बताया कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। यदि घर और आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखा जाए तो कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव, निहाल खान, अनुराग, सुरजन कुमार, मनीष कुमार, आदिल असलम, आयुष कश्यप, रवि प्रकाश गंगवार, अमन यादव, आलोक कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राएं और कार्यकत्रियां सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने महिलाओं को सम्मानित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वागत किया।



सम्मानित हुईं छात्राओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम व अन्य।

● **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ कार्यक्रम**

महिला कल्याण विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) के उन लाभार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा-10वी व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये थे। 15 विकास खंडों में से प्रत्येक ब्लॉक में बेहतर कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि उन महिलाओं की कहानियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा, जो समाज की रुढ़ियों व पूर्वागृहों से संघर्ष कर खुद सफल जीवन यापन करने के साथ दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मेयर ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि छात्राएं समाज में शिक्षित होकर सशक्त समाज का निर्माण कर सकती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर केक काटकर बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व के विषय में जागरूक किया।

# समारोह : प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत ने कैम्ब्रिज स्कूल सभागार में विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित किया।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। प्रो. विनीता सिंह ने कहा कि किसी भी प्रगतिशील समाज के लिए महिला-पुरुष समानता अत्यंत आवश्यक है। प्रो. केए वार्ष्णेय ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं मां, बहन, पुत्री और पत्नी के रूप में परिवार और समाज की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं में राजवाला धैर्य, मिथिलेश वार्ष्णेय, विनीता सिंह, मनीषा आहूजा, रजनी गुप्ता और नीरज सक्सेना को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मोहन चंद्र पांडेय ने की । संयोजक प्रो. केए वार्ष्णेय ने आभार व्यक्त किया। संचालन जनपदीय अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण युवा संगठन की महिला मोर्चा की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को समाज में उनकी भूमिका, अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष प्रियंका कपूर, जिला संयोजक अनीता गुप्ता, सुमन भाटिया, हीना भोजवानी, डिम्पल, गीता दोहरे आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 18 कर्मशील महिलाओं किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मानव सेवा क्लब ने रविवार को कुंवरपुर के सभागार में 18 कर्मशील महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। क्लब संरक्षक केबी अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, कार्यक्रम अध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना, प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने अरुणा सिन्हा, आशा शुक्ला, रीता सक्सेना, शकुन सक्सेना, बेबी शर्मा, शोभा सक्सेना, अंजलि सक्सेना, सुनीता अग्रवाल, रश्मि सक्सेना, उषा सक्सेना, ओम कुमारी, साधना गुप्ता, मीरा मोहन, पूनम गुप्ता, डा. संध्या सक्सेना को सम्मानित किया।गोष्ठी की अध्यक्षता सत्येन्द्र सक्सेना ने की।राजेश सक्सेना, अनिल सक्सेना, राजीव सक्सेना काका, जितेन्द्र सक्सेना, ब्रजेश सक्सेना, विजय शर्मा, एएस अग्रवाल, प्रतीक सक्सेना, उमेश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, डॉ. प्रणव गौतम, निर्भय सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# रिद्धिमा में तीन भाई का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम नाटक 'तीन थे भाई' का मंचन किया गया। ब्लैक पर्ल आर्ट नई दिल्ली की ओर से प्रस्तुत नाटक का नाट्य रूपांतरण अमूल सागर नाथ ने किया।

नाटक तीन भाइयों के बारे में है। यह तीनों मुरैना जिले की एक प्रसिद्ध रामलीला में अभिनय कर फिल्मों में काम कर हीरो बनना चाहते हैं। उनका नाटक देखने पहुंची मुंबई की एक कास्टिंग एजेंट मंच पर आकर तीनों भाइयों की एक्टिंग की तारीफ करती हैं और उन्हें मुंबई आकर हीरो बनने का न्योता देती हैं। गुरु जी के मना करने के बाद भी तीनों मुंबई जाने का फैसला कर लेते हैं। तीनों भाई मुंबई जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचते हैं। वहां उन्हें रामलीला के गुरुजी भी मिलते हैं और वह भी उनके साथ जाने की जानकारी देते हैं। तीनों मुंबई रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तभी उन्हें पता चलता है कि तीनों के पर्स चोरी हो गए हैं। तभी एक नकली कास्टिंग वाला आता है और उनको काम दिलाने का वादा करते एक ऑफिस ले जाता है। नकली कास्टिंग वाला छुटके को चुनता है और बाकियों को बाहर भेज देता है। वह छुटके के साथ बदसलूकी करता है। इतनी देर में बाकी भाई आकर छुटके को बचाते हैं। तभी कास्टिंग एजेंट तीनों को एक डायरेक्टर के पास लाती है। ऑडिशन में डायरेक्टर उन्हें "पेट दर्द" का सीन "सख्ती" और फिर "नजाकत" के साथ करने को कहता है, लेकिन वे दोनों बार कॉमेडी कर देते हैं। डायरेक्टर की नाराजगी के बाद वे कहते हैं कि अब वो सच्चा अभिनय करके दिखाएंगे। उनका यह सच्चा अभिनय डायरेक्टर को प्रभावित करता है।

# महिलाओं की भूमिका बताई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बरेली शाखा की ओर से रविवार को पीलीभीत रोड स्थित आईसीएआई भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, जीएसटी की सहायक आयुक्त शशि प्रभा गौतम, छोटी सी आशा वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष पारुल मलिक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथियों ने महिलाओं के सम्मान एवं समान अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ता सीए नेहा साहनी ने स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और कार्य-जीवन संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। सीए शैली अग्रवाल ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सत्र की अध्यक्षता सीए सोना रावका जैन ने की। बरेली शाखा के चेयरमैन सीए नीरज अग्रवाल, सचिव सीए गौरव अग्रवाल, सीए अंकित मेहरा, सीए सुमित अग्रवाल एवं सीए अमित टंडन, रीतेश अग्रवाल, सीए प्रदीप तिवारी, सीए योगेश अग्रवाल, सीए संजीव अग्रवाल, सीए पवन अग्रवाल, सीए शरद मिश्रा, सीए अखिल रस्तोगी, सीए अनुपम पटेल उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बरेली शाखा में हुआ कार्यक्रम**

सिटी डायरी

## महिला नेतृत्व को बढ़ावा, अंकिता को महानगर अध्यक्ष बनाया



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बरेली महानगर इकाई ने एक प्रेस क्लब में कोर कमेटी की बैठक की। जिसमें महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष के रूप में अंकिता भाटिया की नियुक्ति की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने अंकिता भाटिया को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। अंकिता ने कहा कि जल्द ही संगठन की पूरी महिला इकाई का गठन किया जाएगा। संगठन के संरक्षक डॉ. पवन सक्सेना ने सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह को सम्मानित किया। अतिथि डॉ. मोहित अग्रवाल, विजय गुप्ता और अभिलाष वर्मा, विशेष कुमार और सचिन खंडेलवाल, सचिन अग्रवाल, अंकुर गुप्ता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने की।

## महिला दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की पहल पर रविवार को सीबीगंज स्थित यूपीएचसी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें एनीमिया की जांच की गई। साथ ही पात्र महिलाओं आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित किए गए। आशा कार्यकर्ताओं के लिए स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। चेन ऑफ होप गतिविधि के माध्यम से एकता और शक्ति का संदेश दिया गया। वहीं ट्री ऑफ होप गतिविधि में महिला स्टाफ ने पत्तियों पर महिला सशक्तिकरण से जुड़े अपने संकल्प लिखकर पेड़ पर बांधे। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य टीम के कार्यों की सराहना की। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में अच्छा काम करने वाली स्टाफ नर्स, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी शाहिद, डॉ. गंगासरन आदि मौजूद रहे।

## वन विभाग की महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को प्रभागीय कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीएफओ दीक्षा भंडारी ने बताया कि महिला सृष्टि की जनक है। महिलाएं कई रूपों में समाज की सेवा से जुड़ी हुई हैं। जैसे मां, बहन, पत्नी, बेटी इत्यादि। परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाएं। नेचर मित्र संस्था की भावना सिंह ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके साथ ही पर्यावरण को सशक्त बनाए जाने पर बल दिया। वन विभाग की नर्सरियों व अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहीं महिलाओं व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल किशोर भारद्वाज ने भी विचार रखे। उप प्रभागीय वनाधिकारी आंवला विमल किशोर भारद्वाज, उप प्रभागीय वनाधिकारी संजीव कुमार जौहरी, क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी, क्षेत्रीय वनाधिकारी मीरगंज संतोष कुमार मठपाल, भावना सिंह, संध्या पाण्डेय आदि मौजूद रहे।